# सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
**Phone No.: 0522-2630878, E-mail: socialauditup@yahoo.in**

पत्रांकः 1386/सो.आ.नि.–3/562/2025
दिनाँकः 09 दिसम्बर, 2025

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट, उ0प्र0।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
(गााजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर को छोडकर),
उ0प्र0।

विषयः– सोशल ऑडिट का प्रतिवेदन एवं कार्यवृत्त की पी0डी0एफ0 ई–मेल पर प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या 697, दिनॉक 25–07–2025, (छायापति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सोशल ऑडिट की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु निर्देश दिये गये हैं तथा अपेक्षा की गयी है कि सोशल ऑडिट की बैठक के पश्चात कार्यवृत्त की पीडीएफ प्रति निदेशालय की ई–मेल soaureports@gmail.com पर प्रेषित की जाये। तत्क्रम में अवगत कराना है कि कार्यवृत्त की प्रति प्रेषित करते समय ई–मेल के Subject में जनपद, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत के नाम के साथ ही वित्तीय अनियमितता के प्रकरणों की ग्राम पंचायतों में FM Recovery भी लिखा जाये। यह विशेष रुप से ध्यान दिया जाये कि FM Recovery की स्पेलिंग में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो।

अतः आपसे अपेक्षा है कि अधीनस्थ DSAC, BSAC एवं BRP को उपरोक्तानुसार निर्देश देते हुए सम्पन्न सोशल ऑडिट बैठक के कार्यवृत्त एवं प्रतिवेदन की पीडीएफ प्रति निदेशालय की ई–मेल soaureports@gmail.com पर शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
Digitally signed by
Kamlesh Kumar
Date: 08-12-2025
17:06:22
(कमलेश कुमार)
निदेशक।

# सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ-226001
**Phone No.: 0522-2630878, e-mail: socialauditup@yahoo.in**

**पत्रांकः** 697 /सो.आ.नि.-3/562(I)/25
**दिनाँकः** 25 जुलाई, 2025

प्रेषक,

**निदेशक**,
सोशल आडिट,
उ० प्र०।

सेवा में,

**समस्त जिला विकास अधिकारी**,
(गाजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर को छोड़कर),
उ० प्र०।

महोदय,

कृपया इस कार्यालय के पत्र सं०-1297, दिनांक 10-01-2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सोशल ऑडिट की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु कतिपय निर्देश दिये गए हैं तथा यह अपेक्षा की गयी है कि सोशल ऑडिट की बैठक के पश्चात कार्यवृत्त की पीडीएफ (PDF) प्रति निदेशालय की ई-मेल soaureports@gmail.com पर प्रेषित की जाये।

निदेशालय के अधिकारियों द्वारा जनपदों से प्राप्त ई-मेल की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान निम्नलिखित त्रुटियाँ दृष्टिगत हुई हैं:-

1. अनेक जनपदों से सम्पन्न सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठकों के सापेक्ष ई-मेल पर प्रतिवेदन एवं प्रेषित कार्यवृत्त की संख्या अत्यन्त न्यून अथवा नगण्य है। यह स्थिति ठीक नहीं है जबकि सोशल ऑडिट ग्राम सभा बैठक के उपरान्त उसी दिन प्रतिवेदन एवं कार्यवृत्त भेजने के निर्देश हैं।
2. कतिपय BRP/BSAC द्वारा कार्यवृत्त की फोटो खींचकर भेजी जाती है जो अपठनीय (Blur) होती है। सन्दर्भित पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुरूप PDF में कार्यवृत्त भेजा जाये।
3. अनेक जनपदों द्वारा मात्र कार्यवृत्त की प्रति प्रेषित की जा रही है जबकि सन्दर्भित पत्र दिनांक 10-01-2025 में प्रतिवेदन एवं कार्यवृत्त दोनों की PDF प्रेषित किये जाने के निर्देश हैं।
4. कतिपय जनपदों द्वारा एक ही विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत की PDF प्रति कई बार ई-मेल कर दी जाती है, जिससे कार्यवृत्त की संख्या में अनावश्यक वृद्धि हो जाती है और मिलान करने में समय का अपव्यय होता है।
5. यह भी अपेक्षित है कि कार्यवृत्त की प्रति प्रेषित करते समय ईमेल के Subject हेडिंग में जनपद, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत का नाम स्पष्ट रूप से लिखा जाये, जिससे यथास्थान ई-मेल का अंकन एवं मिलान हो सके।

6. कई प्रकरणों में यह भी देखा गया कि कार्यवृत्त में अंकित वित्तीय अनियमितता एवं विचलन से सम्बन्धित बिन्दु MIS पर त्रुटिपूर्ण अंकित कर दिये गये हैं। अतः जनपद स्तर से MIS अपलोडिंग के समय इस बिन्दु का विशेष ध्यान रखा जाये।

अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने अधीनस्थ DSAC/BSAC एवं BRP को उपर्युक्त प्रकार की कमियां/त्रुटियाँ न करने के सम्बन्ध में निर्देश देते हुए अब तक सम्पन्न सोशल ऑडिट की कार्यवृत्त एवं प्रतिवेदन की PDF प्रति निदेशालय की ई-मेल soaureports@gmail.com पर शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक-**यथोक्त

भवदीय,

Digitally signed by
Kamlesh Kumar
Date: 25-07-2025
15:00:38

**(कमलेश कुमार)**
निदेशक